दिनांकः 18.01.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा– केन्द्र और राज्य सरकार किसानों के हित के लिए लगातार काम कर रही है।
- केन्द्र सरकार ने विकसित भारत –जी राम जी कानून पर सोशल मीडिया पर किये जा रहे विभिन्न दावों को भ्रामक बताया– कहा– श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी कम नहीं होगी।
- मौनी अमावस्या पर प्रदेशभर में तीर्थ स्थलों पर विशेष आयोजन हुए–श्रद्धालुओं ने स्नान कर दान–पुण्य किया।

  और

- राज्य में पिछले चौबीस घंटों में ज्यादातर स्थानों पर तापमान बढ़ने से लोगों को तेज ठण्ड और शीतलहर से राहत मिली।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि देश, विकसित भारत बनने की ओर तेजी से आगे बढ रहा है। वे आज सवाईमाधोपुर में दो दिन अमरूद महोत्सव कृषि तकनीक मेले के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार किसानों की भलाई के लिए लगातार काम कर रही है और किसानों की आय में भी लगातार बढोतरी हो रही है।

...................

लोकसभा अध्यक्ष ने प्रदर्शनी स्थल पर लगी स्टॉल्स का अवलोकन कर किसानों से बातचीत भी की। कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों से मेले में सहभागिता की अपील की। कृषि मंत्री ने कहा कि जिले में अमरूद की बडे पैमाने पर खेती होती है। ऐसे में यहां 150 करोड़ रूपये की लागत से अमरूद प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जायेगी। महोत्सव में शामिल होने आये मलारना डूंगर के भूखा गांव के किसान रामहेत ने प्रोसेसिंग युनिट लगाये जाने के फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे अमरूद उत्पादक किसानों को फायदा होगा।

.......................

000

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उस वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि विकसित भारत – जी राम जी के तहत न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण नहीं किया जाएगा। पत्र सूचना कार्यालय –पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने बताया है कि यह दावा भ्रामक

है। इकाई ने कहा कि श्रमिकों को दी जाने वाली मजदूरी में कोई कमी नहीं की जाएगी और रोजगार की कानूनी गारंटी पहले की तरह जारी रहेगी। पीआईबी ने नागरिकों से सटीक जानकारी के लिए हमेशा आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने का आग्रह किया है। इस बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने विकसित भारत जी राम जी कानून को लेकर विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस योजना के तहत 125 दिन रोजगार दिया जाएगा।

..............

0000

राज्य विधानसभा के 28 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र को लेकर आज विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जयपुर में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि 16वीं विधानसभा के पांचवे सत्र में सदन की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार का कोई नया प्रावधान नहीं किया गया है। प्रश्न पूछने की प्रकिया और अन्य व्यवस्थाओं में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। केवल ऑनलाईन सुविधा जोडी गई है।

..............

000

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम–डैडम् –मंत्री जीतन राम मांझी ने आज नई दिल्ली में पीएम विश्वकर्मा हाट–2026 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने डैडम् को देश के विकास की रीढ़ बताते हुए कहा कि यह आयोजन शिल्पकारों को उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग का मंच उपलब्ध कराएगा। श्री मांझी ने पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना देश में बेरोजगारी खत्म करने का माध्यम बनेगी।

.................

उन्होंने इस आयोजन में भाग लेने के लिए शिल्पकारों की सराहना की। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना शिल्पकारों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच उपलब्ध करा रही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में ये शिल्पकार एक उद्यमी के तौर पर उभरेंगे और देश की विकसित भारत की यात्रा में योगदान करेंगे।

0000

मौनी अमावस्या के पर्व पर आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन हुए। मन्दिरों और तीर्थों पर अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने पवित्र सरोवरों में स्नान कर दान पुण्य किया। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज पुष्कर पहुंचे। उन्होंने सांई मंदिर गर्भगृह में पूजा कर मंदिर का शुभारम्भ किया। उनके साथ केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी भी पूजा में शामिल हुए। सवाईमाधोपुर जिले के रामेश्वर घाट स्थित त्रिवेणी संगम पर भी बडी संख्या में श्रद्धालूओं ने स्नान किया। पाली में मन्दिरों में विभिन्न अनुष्ठान किये गये। सोमनाथ

मन्दिर में भगवान शिव की विशेष पूजा–आराधना की गई। भरतपुर में भी मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने मौन रखकर उपवास किया। वहीं पाली में गायों का श्रंगार कर पूजन किया गया और गुड–चारा खिलाया गया।

000

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में ज्यादातर स्थानों पर तापमान बढ़ने से लोगों को तेज ठण्ड और शीतलहर से थोड़ी राहत मिली है। सीकर के फतेहपुर और करौली को छोडकर सभी स्थानों पर रात का तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। हनुमानगढ़ जिले में आज सुबह घना कोहरा छाये रहने से दृश्यता प्रभावित हुई जिससे वाहन चालकों को धीमी गति से चलना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक–दो दिन तापमान में बढोतरी होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 22 से 24 जनवरी के दौरान राज्य में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं। इससे जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

0000

बाड़मेर में कल से साहित्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। शिक्षक सेमीनार, पुस्तक मेला और युवा महोत्सव साहित्य उत्सव के मुख्य आकर्षण होंगे। इस आयोजन को लेकर साहित्य प्रेमियों में विशेष उत्साह है। साहित्य उत्सव का समापन इस महीने की 25 तारीख़ को होगा।

000

बीसीसीआई ने फरवरी और मार्च में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। हरमनप्रीत कौर टी–ट्वेंटी और एकदिवसीय दोनों सीरीज में भारत की कप्तानी करेंगी, जबकि स्मृति मंधाना को उप–कप्तान बनाया गया है। बल्लेबाज भारती फुलमाली को टी–20 अंतरराष्ट्रीय टीम में पहली बार शामिल किया गया है। मौजूदा एकदिवसीय विश्व कप चैंपियन भारतीय टीम इस दौरे पर तीन टी–20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी।

0000

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने जेईई (मेन) 2026 के पहले सत्र की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। 21 से 24 जनवरी के बीच परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी आधिकारिक वेबसाइट रममण्उंपद डॉट दजं डॉट दपब डॉट पद पर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

000

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए कल से नामांकन दाखिल किए जाएंगे। पार्टी के रिटर्निंग अधिकारी के. लक्ष्मण ने चुनाव कार्यक्रम जारी किया। इसके लिए नामांकन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच शाम 4 से 5 बजे तक होगी और नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया शाम 6 बजे तक रहेगी। इस प्रक्रिया के बाद मंगलवार को मतदान होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के निर्देश पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के

चुनाव के लिए राजस्थान से प्रस्तावकों की सूची जारी की गई। सूची में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित 20 नेताओं के नाम शामिल हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 23 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000

राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन के बाद जयपुर आये अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के समृद्ध और अद्वितीय इतिहास की सराहना की। दो दिन के प्रवास के दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने जयपुर के पर्यटन स्थलों का दौरा किया। ये प्रतिनिधि मण्डल आज वापस लौट गया।

000